प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



नीतीश की राजनीतिक पारी किसी फ़िल्मी कहानी से कम नहीं रही पेज- 2

मंदिर से ढाई कुंटल के घटे चोरी पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 80 बुधवार 11 मार्च, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# प्रियंका गांधी नेता प्रतिपक्ष होतीं तो, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने लोकसभा में की कांग्रेस सांसद की तारीफ

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरा सत्ता पक्ष की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले वक्ता थे। किरेन रिजिजू ने विपक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लगे हाथ प्रियंका गांधी की तारीफ भी कर दी। जवाब में प्रियंका गांधी ने रिजिजू को जवाब देते हुए कहा कि एक ही नेता है, जो पिछले 12 साल में इनके आगे नहीं झुका। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि कोई भी संवैधानिक संस्था हो, उस पर आपने अटैक किया है। मैं सोच रहा था कि 2014 के बाद संवैधानिक संस्थाओं पर अटैक का सिलसिला जो शुरू हुआ, स्पीकर का पद अब तक क्यों बचाकर रखा है। उन्होंने कहा कि अब पता चला कि भारत में लोकतंत्र पर हमला करना है, तो स्पीकर की कुर्सी पर हमला करो। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के नेता जब भाषण दे रहे थे, उस पर स्पीकर ने रूलिंग दी। उन्होंने कहा कि स्पीकर का डिसीजन फाइनल होता है। आप असहमत हो सकते हैं, हम लड़ते रहते हैं, लेकिन दुश्मन नहीं होते। किरेन





रिजिजू ने कहा कि स्पीकर रूलिंग दे चुके हैं, तब भी बोल रहे कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। हमने भी कहा कि स्पीकर की रूलिंग फाइनल है। फिर भी उठ–उठकर इन लोगों ने विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 15वीं लोकसभा में इनके नेता प्रतिपक्ष सदस्य थे और कुल मिलाकर दो बार बोले. सेशन चलता है, तब ही विदेश चले जाते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नियम कहता है कि कोई सदस्य भाषण करता है, तो उसे अगले वक्ता को सुनना होता है। इनका नेता विपक्ष अपनी बात बोलकर चला जाता हैं। किसी की सुनते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां प्रधानमंत्री बैठे हैं, वह दौड़कर गले लगाने आते हैं। अपने एमपी को देखकर आंख मारते हैं। ऐसा नेता प्रतिपक्ष हमने पहली बार देखा है। रिजिजू ने कहा कि जैसा लीडर है, बाकी वैसा ही होगा। सभापति को यार बोलते हैं, चेयर को यार कहने पर क्या होता है, बोल सकता है। चेयरमैन राज्यसभा को बोलता है कलीग। ये कस्टोडियन ऑफ हाउस हैं। ये ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में भी अच्छे लोग हैं, नेता प्रतिपक्ष उनको ही बनाया। इसमें मैं क्या कर सकता हूं। प्रियंका वाड्रा गांधी पीछे बैठकर मुस्करा रही हैं। इनको भी नेता प्रतिपक्ष बनाते तो परफॉर्मेंस अच्छा होता। रिजिजू ने कहा कि ये कम से कम सुनती तो हैं। कोई अच्छा व्यवहार करे, तो सराहना करना मेरा दायित्व है। इस पर प्रियंका गांधी अपनी सीट पर खड़ी हो गईं और कहा कि मेरा नाम लिया गया है, मुझे बोलने दिया जाए। इस पर पीठासीन ने कहा कि आपको मौका दिया जाएगा। किरेन रिजिजू ने कहा कि हमने तो प्रियंका गांधी की तारीफ की है। कांग्रेस वालों को ये क्या हो गया है। तारीफ करना भी अच्छा नहीं लगता। उन्होंने आगे कहा कि स्पीकर यहां हमारा मां–बाप होता है। कोई बच्चा रूल तोड़ता है, स्पीकर ही सिखाएगा न। इन्होंने सोचा कि चुनाव जीत नहीं सकते, जनता का भरोसा नहीं जीत सकते, तब लोकतंत्र–प्रक्रिया को ही चोट करने की सोची। अमेरिका में, जर्मनी में जाकर बोलते हैं कि हमारा लोकतंत्र खतरे में है। किरेन रिजिजू ने आपके नेता प्रतिपक्ष ने आर्मी के जवानों को जाकर बोलता है कि तुम्हारा सारा अधिकार तो अफसर ले जाते हैं, तुमको क्या मिलता है। ये कितनी खतरनाक बात है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि हम क्यों हंस रहे थे। मुझे हंसी इसलिए आई क्योंकि जिस नेहरू जी की ये लगातार आलोचना करते रहते हैं, आज उन्हीं के कोट का उपयोग इन्होंने अपने पक्ष में कर लिया। अचानक इन्होंने स्वीकार कर लिया कि नेहरू जी ही इस सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत करने वाले व्यक्ति हैं। इस देश में केवल एक ही व्यक्ति है, जो पिछले 12 वर्षों में इनके सामने झुका नहीं है, और वह नेता प्रतिपक्ष हैं, क्योंकि वे सच बोलते हैं।

# पंजाब विधानसभा में सुखपाल खैरा के बयान पर बवाल, महिला आयोग ने लिया संज्ञानः एसएसपी कपूरथला को जांच के निर्देश

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा के एक बयान को लेकर



जोरदार हंगामा देखने को मिला। महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की प्रस्तावित योजना पर की गई उनकी टिप्पणी के बाद सियासी विवाद खड़ा हो गया है। मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि पंजाब राज्य महिला आयोग को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। महिला आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए कपूरथला के एसएसपी को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग ने इस पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द पेश करने को कहा है। दरअसल, बजट सत्र के दौरान पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सदन में सुखपाल सिंह खैरा का एक इंटरनेट मीडिया पर दिया गया बयान पढ़कर सुनाया। इस बयान में खैहरा कथित तौर पर कहते नजर आए कि "1000 रुपये लेकर औरतें कौन से सूरमा पैदा कर देंगी।" चीमा ने इस टिप्पणी को महिलाओं, खासकर अनुसूचित जाति समुदाय की बहू–बेटियों का अपमान बताया। उनके इस आरोप के बाद सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई और माहौल काफी गरमा गया। स्थिति को शांत करने की कोशिश करते हुए पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने खैहरा की ओर से माफी भी मांगी। हालांकि इसके बावजूद हंगामा थमता नजर नहीं आया। लगातार बढ़ते शोर–शराबे के बीच विधानसभा स्पीकर को सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। विवाद बढ़ने के बाद पंजाब राज्य महिला आयोग ने भी इस मामले पर तुरंत संज्ञान लिया। आयोग ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए कपूरथला के एसएसपी को जांच के आदेश दिए हैं। आयोग ने निर्देश दिया है कि एसपी रैंक के अधिकारी के माध्यम से पूरे मामले की जांच की जाए और जल्द से जल्द स्थिति रिपोर्ट पेश की जाए। इसके साथ ही आयोग ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और विधायक सुखपाल सिंह खैहरा को भी तलब किया है। दोनों नेताओं को गुरुवार, 12 मार्च को सुबह 11.30 बजे आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है, ताकि इस मामले में उनका पक्ष सुना जा सके। दरअसल, इस विवाद की शुरुआत एक वीडियो से हुई, जिसे सुखपाल सिंह खैरा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

# किसान की बेटी की शादी में पहुचे राहुल गांधी, दुल्हन को दिया आशीर्वाद

## -परिवार के साथ बैठकर चूरमा-जलेबी और मिस्सी रोटी का लिया स्वाद

(एजेंसी) सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र के गांव मदीना में उस समय खुशी का माहौल और भी खास बन गया, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अचानक एक किसान के घर पहुंच गए। राहुल गांधी यहां किसान संजय मलिक की बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। उनके आगमन से पूरे गांव में उत्साह का माहौल बन गया और परिवार के लोग खुद को सम्मानित महसूस करने लगे। जानकारी के मुताबिक, किसान संजय मलिक को मंगलवार सुबह एक फोन आया, जिसमें बताया गया कि राहुल गांधी उनकी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए गांव आने वाले हैं। इस सूचना के बाद परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और शादी के घर में तैयारियां और तेज हो गईं। करीब सवा दस बजे राहुल गांधी अपनी सुरक्षा टीम के साथ गांव मदीना पहुंचे। उनके साथ रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौजूद थे। गांव पहुंचने के बाद राहुल गांधी सीधे संजय मलिक के घर पहुंचे, जहां परिवार के लोगों और रिश्तेदारों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राहुल गांधी ने सबसे पहले किसान संजय मलिक और उनके परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने दुल्हन तन्नू मलिक को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान राहुल गांधी ने बेहद सादगी से परिवार के लोगों से बातचीत की और शादी के माहौल में घुलमिल गए। परिवार के सदस्यों और गांव के लोगों के लिए यह पल बेहद खास बन गया। उन्होंने राहुल गांधी के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं और उनसे बातचीत की। करीब एक घंटे से अधिक समय तक राहुल गांधी शादी समारोह में मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम का हिस्सा बने। शादी के कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने परिवार के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। भोजन में चूरमा, जलेबी, लड्डू, मिस्सी रोटी और सब्जी जैसे पारंपरिक पकवान परोसे गए थे। परिवार के लोगों ने बताया कि राहुल गांधी ने बेहद आत्मीयता के साथ भोजन किया और हरियाणा के पारंपरिक खाने की तारीफ भी की। उनके इस सादगी भरे अंदाज ने सभी का दिल जीत लिया। राहुल गांधी के घर पहुंचने से किसान संजय मलिक और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार के लोगों ने कहा कि उनके



लिए यह गर्व की बात है कि देश के इतने बड़े नेता ने उनकी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए समय निकाला। परिवार के अनुसार, कुछ समय पहले संजय मलिक और उनके भाई बलजीत मलिक राहुल गांधी को शादी का निमंत्रण देने दिल्ली गए थे। उस दौरान राहुल गांधी ने उनसे वादा किया था कि वह शादी में शामिल होने की कोशिश करेंगे। परिवार के लोगों ने बताया कि राहुल गांधी ने अपना वादा निभाया और दिल्ली में चल रहे लोकसभा सत्र के बीच समय निकालकर गांव मदीना पहुंचे। उनके आने से शादी का माहौल और भी यादगार बन गया। गांव के लोगों का कहना है कि राहुल गांधी का यह कदम उनके सादगी भरे स्वभाव को दिखाता है। एक छोटे किसान के घर पहुंचकर शादी में शामिल होना और परिवार के साथ समय बिताना गांव वालों के लिए भी खास अनुभव रहा। राहुल गांधी के इस दौरे ने न केवल संजय मलिक के परिवार को खुशी दी, बल्कि पूरे गांव के लिए यह एक यादगार पल बन गया। गांव के लोग इस मौके को लंबे समय तक याद रखने की बात कह रहे हैं।

# टी20 विश्व कप विजेताओं के लिए बीसीसीआई ने किया बड़ा ऐलान, 131 करोड़ का दिया जाएगा पुरस्कार

(एजेंसी) नयी दिल्ली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चौंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है। भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है।

# क्रिकेट टी20 विश्व कप 2026 में भारत ने बनाए कई रिकॉर्ड, हासिल की कई उपलब्धियां

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारत ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किये। भारत टीरू20 के इतिहास में तीन बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम बन गया और इस दौरान भारतीय टीम ने कई रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने इससे पहले 2007 और 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। मौजूदा चौंपियन बनने के साथ ही भारत लगातार दो बार खिताब जीतने वाली और घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गयी। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले, जिनसे प्रतियोगिता रोमांचक बनी और कई नए रिकॉर्ड भी बने। फाइनल में भारत का 255/5 का स्कोर टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 253ध्7 बनाने के बाद टीम लगातार दो मैचों में 250 से अधिक रन बनाने वाली



पहली टीम भी बनी। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256ध्4 का स्कोर बनाया था, जो इस विश्वकप का सबसे बड़ा टीम स्कोर है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 383 रन बनाकर एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं भारत के संजू सैमसन ने फाइनल में 89 रन बनाकर टी20 विश्व कप फाइनल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेली और पूरे टूर्नामेंट में 24 छक्के लगाए। भारत के अभिषेक शर्मा ने फाइनल में 18 गेंदों में अर्धशतक लगाकर टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक बनाया। वहीं न्यूजीलैंड के फिन एलन ने 33 गेंदों में शतक लगाकर टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल में कुल 499 रन बने, जो टी20 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन वाला मैच रहा। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाकर किसी एक टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।

# बजट में बड़ा उछाल! सरकार ने 2.81 लाख करोड़ के अतिरिक्त खर्च के लिए लोकसभा से मांगी मंजूरी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष में 2.81 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय के लिए लोकसभा की मंजूरी मांगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अनुदान की अनुपूरक मांगों का दूसरा बैच लोकसभा में पेश किया। अनुदान की अनुपूरक मांगों में कहा गया है, 2,81,289.26 करोड़ रुपये के सकल अतिरिक्त व्यय को अधिकृत करने के लिए संसद की मंजूरी मांगी गई है। इसमें से शुद्ध नकदी व्यय से जुड़े प्रस्ताव कुल 2,01,142.96 करोड़ रुपये और मंत्रालयोंधविभागों की बचत या बढ़ी हुई प्राप्तियोंध्वसूली से मेल खाते सकल अतिरिक्त व्यय 80,145.71 करोड़ रुपये हैं।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव इस दिन लेंगे वंशिका के साथ सात फेरे, मसूरी में होगी शादी, लखनऊमें भव्य रिसेप्शन

(एजेंसी) लखनऊ। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव जल्द ही अपने जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। कुलदीप 14 मार्च को अपनी मंगेतर वंशिका के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों की शादी उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में आयोजित की जाएगी। इसके बाद 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में एक भव्य रिसेप्शन रखा जाएगा, जिसमें क्रिकेट जगत और विभिन्न क्षेत्रों की कई जानी–मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक कुलदीप यादव और वंशिका की शादी मसूरी के एक शानदार रिसॉर्ट में संपन्न होगी। विवाह समारोह में दोनों परिवारों के करीबी सदस्य, रिश्तेदार और मित्र शामिल होंगे। शादी को पारिवारिक और पारंपरिक अंदाज में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। शादी से पहले 13 मार्च को हल्दी और मेहंदी की रस्में होंगी। इन कार्यक्रमों में परिवार के लोग और करीबी दोस्त शामिल होंगे।



इसके बाद 14 मार्च को वैदिक रीति–रिवाजों के अनुसार दोनों सात फेरे लेंगे। परिवार के लिए यह समारोह बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से दोनों परिवार इस अवसर का इंतजार कर रहे थे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ में भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के प्रतिष्ठित होटल सेंट्रम में आयोजित होगा। इस रिसेप्शन में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड), यूपीसीए (उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) से जुड़े अधिकारी, भारतीय टीम के वर्तमान और पूर्व क्रिकेटर तथा कई अन्य गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि रिसेप्शन समारोह में राजनीति, खेल और सामाजिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां भी मौजूद रह सकती हैं। शादी की तैयारियों के बीच कुलदीप यादव के पिता रामसिंह यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की। आठ मार्च को हुई इस मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को व्यक्तिगत रूप से शादी और रिसेप्शन का निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार की ओर से मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी किया। कुलदीप यादव और वंशिका की सगाई पिछले साल चार जून को लखनऊ के एक होटल में संपन्न हुई थी। इस कार्यक्रम में दोनों परिवारों के लोग और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। सगाई समारोह में भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह की मंगेतर और सांसद प्रिया सरोज भी मौजूद थीं। उस समय भी यह समारोह काफी चर्चा में रहा था दरअसल, कुलदीप और वंशिका की शादी पहले नवंबर 2025 में तय की गई थी, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम और टी–20 विश्वकप के कारण इस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया। बाद में परिवारों की सहमति से मार्च 2026 में शादी का कार्यक्रम तय किया गया। कुलदीप यादव की होने वाली पत्नी वंशिका उनकी बचपन की दोस्त हैं।

# बारिश-बर्फबारी से बदला कश्मीर का मौसम, आने वाले दिन होंगे खुशनुमा

(एजेंसी) श्रीनगर। कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार को रुक–रुक कर बारिश हुई और मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू–कश्मीर में अधिक बारिश तथा बर्फबारी की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में घाटी के अधिकांश मौसम स्टेशनों पर बारिश दर्ज की गई। प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 12.8 मिमी वर्षा हुई। वहीं दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में 11.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि श्रीनगर में 3.0 मिमी वर्षा हुई। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में 2.8 मिमी हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि कोकरनाग में इसी अवधि के दौरान 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। रुक–रुक कर हो रही बारिश के बावजूद घाटी में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर डिवीजन के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया, जबकि जम्मू डिवीजन के कई क्षेत्रों में रात का तापमान सामान्य से 6 से 10 डिग्री अधिक रहा। कश्मीर डिवीजन में सबसे कम न्यूनतम तापमान गुलमर्ग में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि जम्मू डिवीजन के भदेरवाह में 9.6 डिग्री सेल्सियस सबसे कम तापमान रहा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में जम्मू–कश्मीर में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, बर्फबारी और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई है। कश्मीर डिवीजन के कुछ इलाकों में भारी वर्षा भी हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक मौसम सामान्यतः बादलों से घिरा रहने और कई स्थानों पर बारिश, बर्फबारी व गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। इस बीच, जम्मू– कश्मीर में लगातार सातवें वर्ष सर्दियों के मौसम में कम बारिश दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक की मुख्य शीतकालीन अवधि में बारिश में 65 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में क्षेत्र में सामान्य 284.9 मिमी वर्षा के मुकाबले केवल 100.6 मिमी वर्षा ही हुई है।

# दूल्हे ने दुल्हन के छांगुर होने पर शादी करने से किया इंकार



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। कोपागंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाबूपुर में रेखा पुत्री टुनटुन राजभर की शादी राजू कुमार राजभर पुत्र स्व सिधारी राजभर ग्राम गगौबलि थाना क्षेत्र कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के साथ तय कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार टुनटुन राजभर के घर राजू कुमार राजभर पुत्र स्व सिधारी राजभर ने अपने सगे भाई सम्बंधित रिस्तेदारो के साथ सम्मान पूर्वक आए। लड़की के पिताजी के अनुसार बताया गया कि जब शादी की रस्में शुरू की गई तो दूल्हे ने शादी करने से इंकार कर दिया गया।जब लड़के ने शादी से इंकार कर दिया तो लोगों ने उसे शादी इंकार करने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि शादी के कुछ दिन पहले जब शादी की बात शुरू हुई या हम कह सकते हैं कि जब शादी के लिए लड़का और लड़की को देखने के लिए दोनों पक्षों से लोग आते हैं और देखा देखी की बात चलती है तो उस समय लड़की की छ अंगुली थी और आज जब शादी के मण्डप में छठी अंगुली न होने पर दूल्हे ने शादी करने से इंकार कर दिया। काफी मशक्कत करनी पड़ी और फिर दोनों ने शादी के सात फेरे लेने के बाद एक दूसरे के साथ जीवन भर साथ निभाने वाली कस्मे खाई। दोनों पक्षों के प्रधान व सामाजिक लोगों ने काफी समझाने के बाद लड़का शादी करने के लिए राजी किया गया।

# सिधौली-अटरिया में गुटखा माफिया का नंगा नाच

## – 130 का पैकेट 250 के पार, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर (सिधौली, अटरिया)। जनपद के सिधौली और अटरिया क्षेत्र में इन दिनों पान मसाला और गुटखे के सिंडिकेट ने आम जनता की जेब पर सरेआम डकैती डालनी शुरू कर दी है। थोक विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स की गुंडागर्दी इस कदर हावी है कि महज तीन महीनों के भीतर गुटखे के दामों में 80 से 100 प्रतिशत तक की आग लग चुकी है। ताज्जुब की बात यह है कि इस खुली लूट को रोकने वाला प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। राजश्री और दिलबाग के दामों ने छुड़ाए पसीने बाजार में सामान की कमी नहीं है, बल्कि उसे गोदामों में कैद कर दिया गया है। थोक व्यापारियों ने साजिश के तहत



माल दबा लिया है ताकि कालाबाजारी का खेल खेला जा सके। राजश्री जो पैकेट कल तक 130–140 में था, आज 250 की मनमानी कीमत पर बेचा जा रहा है। दिलबाग 130 वाला पैकेट रातों–रात 240 की दहलीज पार कर चुका है। फुटकर दुकानदारों का दर्द है कि वे दोहरी मार झेल रहे हैं। बड़े एजेंसी धारक मोटा मुनाफा डकार रहे हैं और ग्राहकों की गालियां सड़क किनारे गुमटी लगाने वाले छोटे दुकानदारों को खानी पड़ रही हैं। कंपनी का बहाना या व्यापारियों का घोटाला? जब भी कोई रेट बढ़ने का कारण पूछता है, तो डिस्ट्रीब्यूटर्स बड़े ही शातिराना अंदाज में कंपनी से रेट बढ़ने का रोना रोते हैं। सवाल यह उठता है कि क्या किसी कंपनी ने रातों–रात कीमतें दोगुनी कर दीं? या फिर यह स्थानीय स्टॉकहोल्डर्स का बनाया हुआ वह सिंडिकेट है, जो जनता का खून चूसकर अपनी तिजोरियां भर रहा है? यह व्यापार नहीं, सीधा आर्थिक शोषण है। प्रशासन आखिर क्यों इन गोदामों पर छापेमारी करने से कतरा रहा है? क्या माफियाओं को सत्ता या अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है? एक आक्रोशित स्थानीय नागरिक प्रशासनिक तंत्र फेल, आखिर कब चलेगा चाबुक? सिधौली और अटरिया की सड़कों पर इस समय आक्रोश की लहर है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस काले कारोबार की खबर किसी को नहीं है? या फिर श्मलाईश का हिस्सा ऊपर तक पहुँच रहा है? जनता की मांग है कि तत्काल स्टॉक की जांच हो और इन रसूखदार मुनाफाखोरों को सलाखों के पीछे भेजा जाए।

# मनरेगा रथ यात्रा के जरिए गर्माया सियासी माहौल, कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल

न्यूज वाणी ब्यूरो / मछरेहटा, सीतापुर। जनपद के मिश्रिख विधानसभा अंतर्गत मछरेहटा विकास खंड में कांग्रेस की मनरेगा रथ यात्रा ने ग्रामीणांचलों में हलचल बढ़ा दी है। गौरिया, बरसंधिया, सड़िला, कैमा, मधवापुर, बारेपारा और बीहट वीरम जैसे गांवों में पहुंची इस यात्रा के जरिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न केवल लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि जमीनी मुद्दों पर सरकार को भी



घेरा। जब तक बच्चा रोता नहीं, मां दूध नहीं पिलाती मिश्रिख प्रभारी और जिला उपाध्यक्ष सुनीता चौधरी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एक भावुक लेकिन कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अब घरों से बाहर निकलना होगा। अपने हक की लड़ाई सड़कों पर लड़नी होगी। याद रखिए, एक मां अपनी औलाद से सबसे ज्यादा मोहब्बत करती है, लेकिन वो भी दूध तभी पिलाती है जब बच्चा रोता और चिल्लाता है। हमें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठानी ही होगी। सांसद राकेश राठौर की मुहिम की गूंज संगठन प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने इस अभियान की सफलता का श्रेय सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में सीतापुर अकेला ऐसा जनपद है जहां इस मुहिम को इतनी धार दी गई है कि अब चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रहे जबरदस्त जनसमर्थन ने विपक्षी खेमे में बेचैनी पैदा कर दी है। ग्रामीणों से सीधा संवाद यात्रा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर मनरेगा की वर्तमान स्थिति और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे गांव–गांव जाकर लोगों को लामबंद करेंगे। अभियान में मुख्य रूप से अंकित चौधरी, राम.ष्ण राठौर, शिखा वर्मा, सरोजिनी, रामासरे राठौर, गंगा राम गौतम और सर्वेश भार्गव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अज्ञात व्यक्तिके शव की गुत्थी सुलझी, प्रेम प्रसंग में हुई थी हत्या

## - थाना प्रभारी को मिली बड़ी सफलता, तीन माह बाद हत्या का खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी द्वारा पूर्व में ईदगाह रोड रुहाड़े के पुल के पास नाले में मिले शव की घटना का चोंकाने वाला खुलासा किया गया है। तेरह नवंबर ब्रहस्पतिवार की सुबह भारी स्टैंड से गांगोह की ओर जा रहे रास्ते पर रुहाड़े में पुल के पास नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसकी पहचान आशु सैनी पुत्र सोरन सिंह कस्बा व थाना गंगोह के रूप में हुई घटना का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी गंगोह अशोक सिसौदिया द्वारा बताया गया है कि म्रत्क के भाई सचिन सैनी द्वारा 8 मार्च 2026 को थाना नानौता में मुकदमा अपराध संख्या 50/26 पंजीक्रत कराया गया था उक्त अभियुक्त की विवेचना में तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक नवीन कुमार सैनी द्वारा 9 मार्च को रूबी पत्नी संदीप व सोनू पुत्र जयलाल को गिरतार कर जैल भेज दिया गया है.विवेचना में उक्त प्रकरण अवैध सम्बन्धो का होना पाया गया है क्षेत्राधिकारी अशोक सिसौदिया द्वारा बताया गया है कि पूर्व में म्रत्क आशु के अवैध सम्बन्ध रूबी के साथ थे बाद में रूबी के अवैध सम्बन्ध सोनू के साथ रहे. सोनू व रूबी के द्वारा आशु को रास्ते से हटाने के लिए शराब पिला कर नाले में डुबोकर हत्या की गई थी.आप को बतादे 13 नवम्बर ब्रहस्पतिवार की सुबह भारी स्टैंड से गांगोह की ओर जा रहे रास्ते पर रुहाड़े में पुल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। जिसकी सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची थी पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला ओर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। रुहाड़े में मिले शव की पहचान



उस समय नहीं हो पाई थी। रुहाड़े में मिले शव को लेकर लोग तरह तरह के क्याश लगाये जा रहे थे।

# पालिकाध्यक्ष ने दो दिवसीय गोष्ठी का किया उद्घाटन

## - एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत हुई गोष्ठी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। एकी.त बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2025–26 में दो दिवसीय गोष्ठी का उद्घाटन मुख्य



अतिथि श्रीमती सरिता अग्रवाल अध्यक्ष नगरपालिका परिषद् द्वारा जनपद के अन्य विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रथम दिवस के गोष्ठी/सेमिनार में जनपद के उप निदेशक .षि विजय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, आशीष कुमार, .षि विज्ञान केन्द्र, पी0जी0 कालेज, के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 वी0के0 सिंह, वैज्ञानिक डा0 धर्मेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक डा0 रागिनी दूबे, तथा .षि विज्ञान केन्द्र आंकुशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 रामगोपाल यादव, वैज्ञानिक डा0 शशांक सिंह, उपायुक्त उद्योग, लोकेन्द्र कुमार, एवं यू0पी0 डास्प प्रभारी विरेन्द्र राय उपस्थित थे। .षि विज्ञान केन्द्र पी0जी0 कालेज, गाजीपुर के वैज्ञानिक डा0 वी0के0 सिंह ने औद्यानिक फसलों, फलों, सब्जियों को उगाने तथा रख–रखाव के बारे में विस्तार से बताया गया। वैज्ञानिक विधि से शाकभाजी की खेती, ड्रेगन फ्रूट, जैविक सब्जी खेती उत्पादन तथा निर्यात करने के मापदंड सब्जी उत्पादन पर व्याख्यान दिया गया। उपस्थित .षकों से फल एवं सब्जियों की खेती में तकनीकी अपनाकर लागत को कम एवं आय को अधिक करने के लिए .षकों से आह्वान किया। डा0 शशांक सिंह, वैज्ञानिक .षि विज्ञान केन्द्र, आंकुशपुर, गाजीपुर के द्वारा उपस्थित .षकों के मध्य वैज्ञानिक विधि से मशरूम उत्पादन तथा मधुमक्खी पालन एवं उससे होने वाली आय के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया गया। डा0 रामगोपाल यादव, वैज्ञानिक, .षि विज्ञान केन्द्र, आंकुशपुर, गाजीपुर द्वारा औद्यानिक फसलों में लगने वाले रोग एवं कीट पतंगों की रोकथाम के बारे में तथा आधुनिक तकनीकी से .षकों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से आये हुए .षकों का अभिवादन करते हुए अधिक से अधिक आधुनिक तकनीकी को अपनाकर खेती करने तथा पॉलीहाउस में उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया गया, जिसमें जरबेरा, यूरोपियन खीरा तथा लाल, पीला व हरा शिमला मिर्च का उत्पादन करने वाले .षकों की सराहना भी की गयी, साथ ही ग्राम–पकड़ी विकासखण्ड–रेवतीपुर के प्रगतिशील कृषक अनूप राय के द्वारा लगाये गये पिंक ताईवान अमरूद की सराहना की गयी, जिसके एक फल का वजन लगभग 800 ग्राम था। अंत में मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत चयनित .षकों को शाकभाजी बीज का वितरण तथा गोष्ठी में लगे तीन उत.ष्ट स्टॉलों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण–पत्र का वितरण किया गया। प्रथम पुरस्कार उपायुक्त स्वतः रोजगार, द्वितीय पुरस्कार बाल विकास परियोजना तथा तृतीय पुरस्कार महर्षि कर्णव, फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, करण्डा द्वारा लगाये गये स्टॉल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मृत्युंजय सिंह द्वारा किया गया।

# हिंद हॉस्पिटल की प्रदूषण वाली हवस ले रही वन्यजीवों की जान

## - हजारों किसानों की किस्मत पर चलाया जा रहा जहरीला बुलडोजर

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सिधौली। जनपद के सिधौली विकास खंड में विकास के मुखौटे के पीछे श्विनाशश का एक खौफनाक अध्याय लिखा जा रहा है। नेशनल हाईवे पर स्थित हिंद हॉस्पिटल पर आरोप है कि उसने अपने रसूख और सत्ता की हनक के दम पर न केवल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को चुनौती दी है, बल्कि प्रशासनिक इकबाल का भी गला घोंट दिया है। अस्पताल का जहरीला पानी आज हजारों किसानों के लिए काल और बेजुबान वन्यजीवों के लिए मौत का पैगाम बन चुका है। अस्पताल की बाउंड्री में कैद हुई सरकारी नहर अस्पताल प्रबंधन की तानाशाही इस कदर बढ़ गई है कि मऊ ग्राम के पास बहने वाली टिकौली माइनर को इन्होंने अपनी निजी जागीर समझ लिया है। आरोप है कि अस्पताल की बाउंड्रीवॉल का विस्तार कर पूरे परिसर का केमिकल युक्त और प्रदूषित पानी सीधे नहर में बहाया जा रहा है। नहर का पानी अब पानी नहीं, बल्कि धीमा जहर बन चुका है, जो न केवल फसलों को जला रहा है बल्कि पानी पीने वाले वन्यजीवों को मौत की नींद सुला रहा है। रेगिस्तान बनने की कगार पर दर्जनों गांवरू किसानों के खून के आंसू जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प दोहराते हैं, वहीं अटरिया में सिंचाई विभाग की चुप्पी इन दावों की धज्जियां उड़ा रही है। गुलरिया, कबरन, हीरपुर, रघुनाथपुर और मंदनापुर हजारों बीघा उपजाऊ भूमि बंजर होने की कगार पर है। किसानों का कहना है कि जहरीले पानी के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है। यह सिर्फ जल प्रदूषण नहीं, बल्कि हमारी नस्लों को भूखा मारने की साजिश है। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण के पीछे एक गहरी और सुनियोजित साजिश का अंदेशा जताया है। जानबूझकर नहर को प्रदूषित किया जा रहा है ताकि जमीन खेती के अयोग्य हो जाए। जब फसल नहीं होगी और किसान कर्ज में डूबेगा, तो वह अपनी पुश्तैनी जमीन इन रसूखदारों को कौड़ियों के दाम बेचने पर मजबूर हो जाएगा। क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि प्रशासन का



बुलडोजर सिर्फ गरीबों की झोपड़ियों का पता जानता है। हाल ही में अटरिया–बनाऊंगा मार्ग पर छोटे अतिक्रमणों को बेरहमी से ढहा दिया गया। सीतापुर–लखनऊ मार्ग पर नवनिर्मित नाले का पानी नहर में जाने से रोकने के लिए विभाग ने श्रब्ठ लगाकर तत्परता दिखाई। किसानों के धैर्य का बांध अब टूट चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि नहर को तुरंत इस केमिकल युक्त जहरीले पानी से मुक्त नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरेंगे। अगर हमारी जमीन बंजर हुई, तो हम प्रशासन की नींद भी बंजर कर देंगे। किसानों ने उग्र आंदोलन और चक्का जाम का ऐलान कर दिया है।

# गौ प्रतिष्ठा के लिए संतों की हुंकार, गौहत्या अब स्वीकार नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो

नैमिषारण्य, सीतापुर। ज्योतिषमठ बद्रिकाश्रम पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा सोमवार देर शाम पौराणिक तीर्थ नैमिषारण्य पहुंची। गौ रक्षा के संकल्प के साथ निकली इस यात्रा का भक्तों और वेदव्यास आश्रम के प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। आस्था और मौन का संगम यात्रा के नैमिषारण्य पहुँचने पर शंकराचार्य ने सबसे पहले प्रसिद्ध ललिता देवी मंदिर में दर्शन–पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने चक्र तीर्थ की अष्टकोणीय आरती में भाग लिया और परमार्थ धाम आश्रम में भक्तों द्वारा आयोजित पादुका पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विशेष बात यह रही कि सूर्यास्त के बाद मौन व्रत धारण करने के कारण उन्होंने सोमवार रात मीडिया से कोई संवाद नहीं किया। जनता अब गौ हत्या के विरुद्ध खड़ी हो रही है। मंगलवार सुबह मीडिया से विशेष बातचीत में शंकराचार्य ने अपनी यात्रा के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का एकमात्र और मुख्य उद्देश्य गौ माता की रक्षा है। अब देश की जनता स्पष्ट हो चुकी है कि उसे गौ माता की हत्या किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है। लोग अब इस धर्म युद्ध के लिए एकजुट होकर खड़े हो रहे हैं। विरोधियों और डरे हुए संतों पर तीखा प्रहार जब उनसे अन्य संतों के समर्थन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बेबाकी से कहा कि उन्होंने किसी से बात नहीं की है। शंकराचार्य ने तंज कसते हुए कहा, ष्मुझे पता है कि कई संत डरे हुए हैं, मैं उन्हें और अधिक मुसीबत में नहीं डालना चाहता। वहीं, यात्रा को रोकने की मांग करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर पलटवार करते हुए उन्होंने गंभीर आरोप लगाए। शंकराचार्य ने कहा कि जो व्यक्ति खुद गौ तस्करी के मामले में जेल जा चुका हो, वह गौरक्षा की यात्रा का समर्थन भला कैसे करेगा? तस्करों का साथ देने वाले इस अभियान को रोकने की कोशिश ही करेंगे।



अगले पड़ाव की ओर प्रस्थान मंगलवार सुबह जगन्नाथ मंदिर में समर्थकों का तांता लगा रहा। सुबह 10 बजे शंकराचार्य का काफिला दधीचि कुंड (मिश्रित) पहुँचा, जहाँ तीर्थ पुरोहित राहुल शर्मा ने विधि–विधान से पूजन कराया। इसके बाद श्गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्राश का काफिला सिधौली की ओर रवाना हो गया। गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना और हत्या रोकना। यात्रा पथरू नैमिषारण्य से सिधौली होते हुए आगे का पड़ाव। गौ तस्करी में लिप्त विरोधियों को बेनकाब करने का दावा।

# एसपी की चौखट पर पहुंचा ऊंचाहार में बीडीसी पर रिवाल्वर तानने का मामला



न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। क्षेत्र पंचायत बैठक के दौरान बीडीसी सदस्य पर ब्लॉक प्रमुख के बेटे द्वारा कथित रूप रिवॉल्वर तानने का मामला मंगलवार को एसपी की चौखट पर पहुंच गया। मंगलवार को करीब चार दर्जन सदस्यों ने एसपी से मुलाकात करके पूरी हकीकत बताई है और प्रमुख के बेटे व उसके साथियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसपी ने सीओ डलमऊ को निर्देशित किया है। ज्ञात हो कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में भाग लेने के लिए सावापुर नेवादा गांव के बीडीसी सदस्य मनीष कौशल साथियों के साथ ब्लाक परिसर में थे। उनका आरोप है कि इसी दौरान ब्लाक प्रमुख का बेटा अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और बैठक कक्ष में जाने से उन्हें रोक लिया तथा उन पर रिवाल्वर तान दी। भगदड़ होने के कारण उसकी रिवॉल्वर छूटकर नीचे गिर गई, जिसके कारण उनकी जान बच सकी। इस घटना की एक तहरीर कोतवाली में सोमवार को ही दी गई थी। पुलिस द्वारा प्राथमिकी न दर्ज करने के कारण मंगलवार को करीब चार दर्जन बीडीसी सदस्य लेबमबंद होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी को पूरी घटना से अवगत कराया। इस मामले में एसपी ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन बीडीसी सदस्यों को दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकारी डलमऊ को सौंपी है। इधर कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि घटना ने तहरीर लेकर जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे उसी अनुरूप कार्रवाई होगी।

# पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी जोरों पर, ड्रम-जरकिन में भरकर जमा कर रहे लोग



न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। एशिया का सबसे बड़ा गांव गहमर इलाका जो बिहार से सटा हुआ है जहां पर डीजल और पेट्रोल यूपी के मुकाबले करीब 5 से 6 रुपए महंगी है साथ ही खाडी देश में चल रहे युद्ध को लेकर पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की अफवाह फैली हुई है जिसको लेकर अब लोग ड्रम जरकिन या अन्य पात्रों में डीजल और पेट्रोल इकट्ठा कर रहे हैं और ऐसा ही एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि पेट्रोल पंप पर दर्जनों के संख्या में ड्रम रखा हुआ है और पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के द्वारा उसमें डीजल या पेट्रोल भरा जा रहा है इस मामले को आने के बाद अब गाजीपुर में जिला प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है और इसको लेकर अपर जिला अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इस आशय की अफवाह है कि पेट्रोल, डीजल के दामों में बृद्धि होने वाली है, जिस कारण से पेट्रोल पम्पों, डीजल पम्पों पर अनावश्यक काफी भीड़ हो रही है। कतिपय व्यक्तियों द्वारा अज्ञात भय के कारण अनावश्यक रूप से जरकीन, गैलन एवं ड्रम में पेट्रोल/डीजल भरवाया जा रहा है एवं गैस एजेन्सियों से गैस सिलेण्डर लेकर संग्रहित किया जा रहा है। ऐसा भी तथ्य संज्ञान में आया है कि छोटे बाजारों में अनाधि.त रूप से प्राईवेट व्यक्तियों द्वारा अधिक मूल्य पर बेचने के उद्देश्य से पेट्रोल एवं डीजल का संग्रहण किया जा रहा है और खुले बाजार में काफी अधिक मूल्य पर बेचने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद के समस्त नागरिकों को सूचित किया है कि जिला प्रशासन द्वारा ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से निरन्तर रूप से समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान परिस्थिति में जनपद में समस्त पेट्रोल पंपो, गैस एजेन्सियों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध है। आयल कंपनियों द्वारा अवगत कराया गया है कि डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर के मांग एवं आपूर्ति में कोई व्यवधान, रूकावट नहीं है। डीजल पेट्रोल का मूल्य बढ़ने सम्बन्धी कोई भी अधिकारिक सूचना अभी तक प्राप्त नहीं है।

# नोनहरा के श्री राधे होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट पर पुलिस की कार्रवाई



न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिले के नोनहरा थाना क्षेत्र में स्थित श्री राधे होटल एंड फैमिली रेस्टोरेंट पर पुलिस ने अचानक छापा मार दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और होटल के आसपास लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी के अनुसार पुलिस को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर नोनहरा थाना पुलिस ने होटल पर पहुंचकर जांच–पड़ताल की। पुलिस टीम ने होटल परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ की और होटल के कमरों की भी तलाशी ली।अचानक हुई इस कार्रवाई से होटल संचालक और वहां मौजूद लोगों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने होटल के रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों की भी जांच की। सूत्रों के अनुसार पुलिस को लंबे समय से इस होटल में कुछ संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। हालांकि पुलिस द्वारा जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।नोनहरा थाना पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय–समय पर इस तरह की जांच और कार्रवाई की जाती है। मामले की जांच जारी है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने का शंखनाद, सिधौली आए जगद्गुरु शंकराचार्य

## - सिद्धेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना, वोट उसी को दें, जो गौरक्षा का संकल्प ले

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। सनातन धर्म में गौमाता के सम्मान और उन्हें राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही गौ प्रतिष्ठा धर्म युद्ध यात्रा मंगलवार को सिधौली पहुँची। यात्रा का नेतृत्व कर रहे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कस्बे के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और विधि–विधान से पूजन कर गौ रक्षा के संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद माँगा। गौमाता केवल पशु नहीं, संस्.ति की आधारशिला हैं श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में गौमाता का स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गौमाता केवल एक पशु नहीं हैं बल्कि वे हमारी संस्.ति, .षि अर्थव्यवस्था और जन–स्वास्थ्य की आधारशिला हैं। धर्मसम्राट करपात्री जी महाराज ने गौ रक्षा के लिए जो मशाल जलाई थी, आज उसे पूरे देश में फैलाने का समय आ गया है। राजनीतिक दलों को सीधा संदेश आगामी चुनावों और राजनीतिक परि.श्य पर कटाक्ष करते हुए स्वामी जी ने सनातन धर्म के अनुयायियों से एक बड़ी अपील की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब हिंदू समाज अपनी शक्ति दिखाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सनातनी केवल उसी दल को अपना कीमती वोट दें, जो गौ रक्षा करने और गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने का लिखित साहस दिखाए। गोबर से बने उत्पादों ने जीता स्वामी जी का मन इस अवसर पर स्वदेशी गोविज्ञान अनुसंधान केन्द्र ट्रस्ट (कामधेनु फाउंडेशन) के संस्थापक अध्यक्ष मदन पाल सिंह अर्कवंशी ने स्वामी जी का स्वागत किया। उन्होंने शंकराचार्य को गौमाता के गोबर से निर्मित विशेष उपहार भेंट किए, जिनमें शामिल थे आदि योगी और श्रीगणेश की प्रतिमाएं गोबर से बना श्रीयंत्र और मोबाइल स्टैंड एंटी रेडिएशन चिप, दीपक और धूपबत्ती स्टैंड स्वामी जी इन उत्पादों को देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए और इसे स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। नैमिष की धरती से दधीचि की प्रेरणा मीडिया से रूबरू होते हुए शंकराचार्य ने कहा कि नैमिषारण्य की इस पावन भूमि का इतिहास त्याग का है। यहाँ महर्षि दधीचि ने गौ और धर्म की रक्षा के लिए अपनी अस्थियां तक दान कर दी थीं। वहीं, खुद पर लग रहे आरोपों के सवाल पर उन्होंने बेबाकी



से कहा कि आरोप लगाना सरल है, लेकिन उन्हें सिद्ध करना कठिन।

# वार्षिक परिणाम वितरण समारोह उत्साह व सम्मान के साथ सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

अतर्रा–बांदा। तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अतर्रा में वार्षिक परिणाम वितरण समारोह बड़े ही गरिमामय, प्रेरणादायी और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय में नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों का परिणाम वितरण 8 मार्च को तथा कक्षा 3 से 9 और कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों का परिणाम वितरण 10 मार्च को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में ज्ञान, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजाबाई कुशवाहा विद्यालय की एमडी किरण कुशवाहा, प्रधानाचार्या श्वेता श्रीवास्तव, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में जैसे प्रतिभा, विषय उत्कृष्टता, पूर्ण उपस्थिति, खेल भावना एवं टीमवर्क, अनुशासन, प्रगति एवम सुधार तथा शांति प्रतिभा पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे गर्व और खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के अंतर्गत विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग और बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सर्वश्रेष्ठ अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इससे अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल मैम अभिभावकों को बच्चों के चहुंमुखी विकास के गुर सिखाए। जिसमे बच्चों की प्रगति में अभिभावकों और शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान होता है उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो अभिभावकों को स्कूल सिस्टम शिक्षकों और बच्चों के लिए स्कूल में शुरू की गई नई चीजों के बारे में जानने में मदद करता है और स्कूल के साथ उनकी भागीदारी सुनिश्चित करता है बच्चों के मजबूत और कमजोर पक्षों पर चर्चा करने के लिए माता–पिता और शिक्षकों का मिलना कितना महत्वपूर्ण है। आगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, एमडी मैम और प्रधानाचार्या महोदया बच्चों को वार्षिक परीक्षा फल और पुरस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं कीं। वहीं संचालक कर रहीं प्राइमरी की समन्वय शरद सिन्हा ने आए हुए अभिभावकों को दिल से स्वागत किया और उन्होंने कहा कि जब भी विद्यालय के द्वारा किसी भी गतिविधियों में अभिभावकों को बुलाया जाए तो वह जरूर आएं जिससे शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बच्चों की प्रगति के बारे में बातचीत हो सके। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों में विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज, विद्यार्थियों की मुस्कान और अभिभावकों के उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के परिश्रम का सम्मान था, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणा का एक सशक्त माध्यम भी बना। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। आए हुए अभिभावकों का इंटरव्यू और फीड बैक भी लिया गया।

# बुंदेलखंड राज्य की उठाई जा रही मांग


## – गांव–गांव पांव–पांव यात्रा के पांचवें दिन ओरन, कोर्रही और बिसंडा में जनसभाएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर निकाली जा रही गांव–गांव पांव–पांव यात्रा के पांचवें दिन जिले के ओरन, कोर्रही और बिसंडा में जनसभाओं का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ स्वागत किया और बुंदेलखंड राज्य की मांग के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से दूर रहे बुंदेलखंड को अब उसका अधिकार मिलना चाहिए। जनसभाओं को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की समस्याओं का स्थायी समाधान अलग राज्य के गठन में ही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों, युवाओं और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए जनआंदोलन को मजबूत करना होगा। बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि गांव–गांव जाकर लोगों को जागरूक करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है, ताकि बुंदेलखंड की आवाज सीधे दिल्ली तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के विकास, रोजगार और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए अलग राज्य बनना समय की मांग है। यात्रा के बांदा संयोजक जयराम सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के लोग अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहे हैं और राज्य निर्माण की मांग को लेकर तेजी से एकजुट हो रहे हैं। आश्रय सिंह ने कहा कि युवाओं को रोजगार और किसानों को उचित सुविधाएं तभी मिलेंगी जब बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा मिलेगा। नीरज निगम ने कहा कि यह यात्रा जनजागरण का बड़ा माध्यम बन रही है और लोगों में नई ऊर्जा का संचार कर रही है। राजेश बाजपेयी ने कहा कि बुंदेलखंड के सम्मान और स्वाभिमान के लिए यह आंदोलन आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे तथा बुंदेलखंड राज्य निर्माण के समर्थन में जोरदार नारे लगाए गए। मुख्य रूप से विकाश चंद्र गुप्ता, जगपत सिंह, दीपू गुप्ता, पुरुषोत्तम यादव, विक्की कुशवाहा, फहीम खान, सत्येंद्र सिंह, राजीव सिंह आदि ने राज्य निर्माण का संकल्प लिया।

# ठगी पीड़ित के खाते में कुल 135251 रुपए कराए वापस



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध, बबेरु सौरभ सिंह के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सौर ऊर्जा योजना के नाम पर ठगी/फ्रॉड के पीड़ित के खाते में कुल 135251 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र के रहने वाले नन्दकिशोर पुत्र रामेश्वर के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सौर ऊर्जा योजना के नाम पर ऑनलाइन ठगी फ्रॉड के माध्यम से 439238 रुपये की धोखाधडी कर ली गई थी। जिसके संबंध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी गई थी। इसी क्रम में थाना साइबर क्राइम बांदा पुलिस टीम द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक उपरोक्त के खाते में 135251 रुपये वापस कराये गए। जल्द ही शेष रुपये वापसी के प्रयास किये जा रहे हैं। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया। पुलिस द्वारा आम जनमानस से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल अथवा संदिग्ध लेन–देन के संबंध में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें या साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम में राजेश चन्द्र मिश्रा प्र0निरी0 साइबर क्राइम पुलिस थाना उ0नि0 प्रदीप कुमार का0 ललित कुमार का0 हिमांशू वर्मा म0आ0 ज्योति उपाध्याय शामिल रहीं।

# सामौर बाबा महोत्सव में सजा भव्य काव्य दरबार

## - राष्ट्रवाद व हास्य से गूंजा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में देशभक्ति, राष्ट्रवाद, सामाजिक सरोकारों और हास्य–व्यंग्य से सजी रचनाओं ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। मंच से कभी देशभक्ति का जोश गूंजा तो कभी हास्य की फुहारों से पूरा परिसर ठहाकों से गूंज उठा। मंच पर गूंजे हास्य और वीर रस कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध हास्य कवि सुनील जोगी ने अपनी हास्य–व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। पद्मिनी शर्मा ने मां सरस्वती के मधुर भजन से समा बांधा दिया। वहीं वीर रस के प्रख्यात कवि राम भदावर ने अपने ओजपूर्ण काव्य पाठ से राष्ट्रभक्ति का जोश भर दिया। वीर रस के प्रख्यात कवि राम भदावर ने अपनी ओजपूर्ण कविता सुनाते हुए कहा युगों की तपस्या के बाद आज राम हमारे घर पधारे हैं। युगों–युगों बाद केवट फिर उनके चरण पखार रहा है, समय एक बार फिर उनका दूत बनकर खड़ा है और बाबर भी कब्र से निकलकर जय श्रीराम पुकार रहा है। इसके अलावा गौरव चौहान ने फाइनल मैच का जिक्र करते हुए देशभक्ति से ओतप्रोत पंक्तियां सुनाईं। उन्होंने कहा ये जज्बा जंग लड़ने का रुक नहीं सकता, कुर्बानियों का काफिला कभी थम नहीं सकता। पाकिस्तान, न्यूजीलैंड या हो ऑस्ट्रेलिया, जब तक जिस्म में जान है तिरंगा झुक नहीं सकता। वहीं योगिता चौहान ने हास्य की फुहार बिखेरते हुए पुलिस पर चुटकुला सुनाया। उन्होंने कहा पुलिस कितनी शांत होती है, खासकर दिल्ली की पुलिस। 100 नंबर डायल करो तो आ जाती है और 500 रुपये दो तो चली भी जाती है। मुकेश मणिकांचन ने अपनी कविता में रंगों और खुशियों का संदेश देते हुए कहा कुछ लोग ऐसे हैं जो रंगों से परहेज करते हैं, रंग से परहेज और जंग से प्यार करते हैं। ऐसे लोगों से मैं कहना चाहूंगा– खुशियों का रंग है, भला क्यों करते हो गिलाय बेरंग होकर जमाने से किसको क्या मिला। जब हम–तुम रंगों की बौछार में भीगते हैं, तभी मोहब्बत का मजबूत सिलसिला बनता है। वहीं हेमंत पांडे ने चुटकुला सुनाकर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने कहा– मोदी ने पूरे देश में सफाई अभियान चला रखा है। हमारे कानपुर में तो विधायक जी ने एक पौधा लगाया, उसे बकरे ने खा लिया और शाम को विधायक ने बकरे को ही खा लिया। कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कवियों ने काव्य पाठ के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा सामौर बाबा धाम के विकास और महोत्सव के भव्य आयोजन की सराहना भी की। उनका कहना था कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिलती है। सिंगापुर जैसा बना गांव उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने रविवार को ग्राम करहरा स्थित सामौर बाबा धाम पर आयोजित सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांव भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि सिरसागंज से निकल रही यह तस्वीर उसी विकसित गांव की झलक दिखा रही है, जो पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बन रही है। उन्होंने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समौर बाबा की इस पावन धरती को नई पहचान दी है और गांव को सिंगापुर जैसा विकसित करने का कार्य किया है। यहां नाव, कैंटीन, आकर्षक लाइटिंग और सौंदर्यीकरण के जरिए पूरे परिसर को अद्भुत रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण बनाते हैं और युवाओं को भारतीय परंपरा व साहित्य से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक फिरोजाबाद के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस विषय पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सामौर बाबा धाम की आस्था और क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजन लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और क्षेत्र के विकास को भी नई पहचान देते हैं। कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा और श्रोता कवियों की रचनाओं का आनंद लेते हुए तालियों से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। महोत्सव के इस काव्य दरबार ने आस्था और साहित्य का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। भजन संध्या में कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति से गूंजेगा धाम इसी क्रम में महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके भजनों से सामौर बाबा धाम एक बार फिर भक्तिमय माहौल में सराबोर होगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग-प्राणायाम व राजयोग ध्यान कार्यक्रम का शुभारंभ

## - 300-400 वरिष्ठ नागरिकों ने लिया योग-ध्यान का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित अटल वयो अभ्युदय योजना के जागरूकता एवं सामुदायिक सहभागिता घटक के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए योग–प्राणायाम एवं राजयोग ध्यान कार्यक्रम का आयोजन गांधी पार्क में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी संस्थान की मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी, बीके अंजना दीदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, आयुष विभाग के डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह एवं डॉ. निधि, नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल, खुशबू पटेल, योग प्रशिक्षिका राजमाला, योगाचार्य विष्णु तथा आशा आईटीआई के निदेशक पवन चक्रवर्ती के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका राजमाला ने उपस्थित जनसामान्य को योग की विभिन्न मुद्राएँ, आसन, व्यायाम तथा अनुलोम–विलोम प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने ओम ध्वनि के माध्यम से मन को शांत एवं एकाग्र करने की विधि बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज सहित अनेक बीमारियों में लाभ मिलता है और शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान बना रहता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी



संस्थान की मुख्य संचालिका बीके सरिता दीदी ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मेडिटेशन से मन को नियंत्रित करने की शक्ति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता केवल वरिष्ठ नागरिकों को ही नहीं बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों को है, क्योंकि आज हर व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के तनाव से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि राजयोग वास्तव में मन की एक्सरसाइज है, जो व्यक्ति को आंतरिक शांति और आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। बीके अंजना दीदी ने सहज राजयोग की विधि को सरल शब्दों में समझाते हुए सभी को गहन ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे उपस्थित लोगों ने आत्मिक शांति एवं अतिंद्रिय सुख का अनुभव किया। नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल ने कहा कि आज मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप को भूल चुका है और शरीर को ही अपनी पहचान मान बैठा है, जबकि शरीर नश्वर है। वास्तव में उसे चलाने वाली शक्ति आत्मा है। आत्मा के इस ज्ञान को भूलने के कारण ही मनुष्य अनेक प्रकार की चिंताओं और परेशानियों से ग्रसित हो गया है। कार्यक्रम के अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती ने कहा कि विभाग का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन इसी माह कराए जाएंगे तथा ब्लड प्रेशर, शुगर, ऑर्थराइटिस, डिमेंशिया जैसी बीमारियों के उपचार और दवाइयों का भी प्रबंध किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिक विभाग में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार कुशवाह द्वारा किया गया। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बीके सरिता दीदी और बीके अंजना दीदी ने कार्यक्रम में लगभग 300–400 की संख्या में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, भाई–बहनों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से अपील की कि वे आयोजित 7 दिवसीय योग–ध्यान शिविर में प्रतिदिन समय से उपस्थित होकर नियमित अभ्यास करें और इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

# सीएम के ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी के संकल्प को उच्चाईयां दे रहा जनपद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश को देश का औद्योगिक पावर हाउस बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को धरातल पर उतारते हुए जनपद के नसीरपुर में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के निकट एक अत्याधुनिक औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 343.7 एकड़ के इस विशाल क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का कार्य पूर्ण कर अब निवेशकों के लिए ई–ऑक्शन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री की एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक हब विकसित करने की नीति का परिणाम है कि आज फिरोजाबाद जैसे जनपदों में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है, यह गलियांरा न केवल कनेक्टिविटी को सुधारेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करेगा, जिलाधिकारी ने कहा कि फिरोजाबाद उद्योगों के लिए एक ऐतिहासिक ठिकाना है, विश्व प्रसिद्ध सुहाग नगरी अब परंपरागत कांच उद्योग के साथ–साथ आधुनिक औद्योगिक विविधीकरण की ओर बढ़ रही है, जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए अब हमारा विशेष प्रयास टीटीजेड के दायरे से बाहर उद्योगों को स्थापित करना है, ताकि विकास की निरंतरता बनी रहे, नसीरपुर बेल्ट में कांच उद्योग के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों के बड़े उद्योगों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जनपद की औद्योगिक प्रोफाइल और अधिक समृद्ध होगी। मुख्यमंत्री की एक जनपद–एक उत्पाद योजना का यहां व्यापक प्रभाव दिख रहा है, फूड प्रोसेसिंग को ओडीओपी में शामिल करने से इस बेल्ट के आलू उत्पादक किसानों को अपनी उपज के लिए आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों और नया बाजार प्राप्त होगा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से जनपद के युवाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वह जॉब सीकर के बजाय जब क्रिएटर बन सकें, यह औद्योगिक गलियारा मुख्यमंत्री जी के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प का जीवंत उदाहरण है, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के मुहाने पर स्थित यह क्षेत्र भविष्य के उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्रो में से एक बनकर उभरेगा, इच्छुक उद्यमी ई–ऑक्शन के माध्यम से इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# अश्वनी का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर कैबिनेट मंत्री ने जताया हर्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास पर जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। जयवीर सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। उन्होंने नगर सिरसागंज के साथ जनपद का नाम रोशन किया है। अश्वनी कुमार जैन ने जयवीर सिंह कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है। उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

# दस दिवसीय महामहोत्सव के तीसरे दिन 1108 कुण्डीय यज्ञ प्रारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो /फिरोजाबाद। यज्ञाधीश श्रीश्री 1008 रामदास जी महाराज ने सर्वप्रथम अपने धूना में देवी देवताओं का आव्हान करते हुए हवन पूजन किया तत्पश्चात प्रधान त्रिशूल को लेकर पंडाल में स्थापित किया। महाराज श्री ने आकाश मार्ग पर देखते हुए जैसे ही देवताओं का आह्वान किया तो देखते ही देखते मौसम अचानक अनुकूल हो गया तपती हुई धूप में बादल छानें लगे उसके बाद 1108 हवन कुण्ड में अग्नि प्रज्जवलित कर हवन प्रारंभ कराया गया। यज्ञाधीश श्रीश्री 1008 रामदास महाराज ने बताया कि यह आयोजन चंद्रनगर वासियों के लिए कल्याणकारी व लाभकारी है। इस तरह का बड़ा आयोजन महामाई की .पा से इस नगर में प्रारंभ हुआ है पूर्व के जनपदों की भांति इस चंद्रनगर में माई के भक्तों की संख्या अधिक होने के कारण यज्ञ का शुभारंभ बहुत ही सुंदर स्वरूप से हुआ है। यज्ञाआचार्य पंडित विष्णु भारद्वाज के नेतृत्व में वेद पाठी आचार्यों के द्वारा हवन पूजन कार्य हुआ।

# अमायरा हॉस्पिटल में रोजा इफ्तार का आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। माह–ए–रमजान के पाक महीने में रोजा और रोजा इतार का सिलसिला पूरे शहर में जारी है। इसी क्रम में अब्दुल अजीज रोड स्थित अमायरा हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में रोजा इतार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत कर एक साथ रोजा इतार किया और मुल्क में अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। इस मौके पर डॉ. आयशा शमीम, डॉ. मेराज रसूल सहित अन्य रोजेदार भी मौजूद रहे। इतार के दौरान सभी ने एक–दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द तथा भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का माहौल बेहद खुशनुमा और आध्यात्मिक रहा।

# एसकेएस कालेज में बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने लहराया परचम



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर सोमवार देर शाम को बीएससी नर्सिंग के प्रथम व षष्ठम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित हुआ। जिसमें डा. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज सबलापुर के बीएससी नर्सिंग के प्रथम व षष्ठम सेमेस्टर के सभी छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हुए। संस्था चेयरमैन डा. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, नर्सिंग प्राचार्या डा. रोजा रानी, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर फूलचंद्र डावरिया समेत समस्त फैकल्टी ने उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दस परीक्षा केन्द्रों पर होगी उप निरीक्षक संवर्ग की लिखित परीक्षा

## - सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की निगरानी में सम्पन्न होगी परीक्षा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च 2026 को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर 02 पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 03:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक लिखित परीक्षा सम्पन्न होने वाली परीक्षा को सकुशन सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये हैं। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज ब्राहम्णीपुरा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा अमिता यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार सदर पीपी गिरि को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। इसी प्रकार आजाद इण्टर कालेज हेतु उप जिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी कुमार पाण्डेय व नायब तहसीलदार पयागपुर को क्रमशः सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय इण्टर कालेज छावनी बाजार हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल को सेक्टर व नायब तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर) ब्रम्हादीन यादव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय बालिका इण्टर कालेज निकट गेंदघर, गुलाम अलीपुरा हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मोनालिस जौहरी को सेक्टर व नायब तहसीलदार नानपारा हर्षित पाण्डेय को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय पालिटेक्निक आसाम चौराहा कल्पीपारा भिन्गा रोड हेतु ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर आलोक प्रसाद को सेक्टर व नायब तहसीलदार महसी हरिषंकर पटेल को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। राजकीय पालिटेक्निक मोहम्मदपुर नानपारा रोड निकट आईटी कालेज हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक तहसील सदर लालधर सिंह यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार तजवापुर राजेष श्रीवास्तव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। किसान पोस्ट ग्रेजुएट कालेज हेतु उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेष कुमार सिंह को सेक्टर व नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन कुमार श्रीवास्तव को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महराज सिंह इण्टर कालेज, सिविल लाइन निकट इन्दिरा स्टेडियम हेतु तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सेक्टर व नायब तहसीलदार कैसरगंज सुरेन्द्र कुमार वर्मा को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिविल लाइन हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय/उप जिलाधिकारी (न्यायिक) कैसरगंज पूजा चौधरी को सेक्टर व नायब तहसीलदार सदर सुरेन्द्र प्रसाद स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट महसी प्रकाश सिंह को सेक्टर व खण्ड षिक्षा अधिकारी मुख्यालय रणजीत कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ पुलिस का चला अभियान

## – सात वाहन सीज, 32 का किया ई–चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो /बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाकर 7 वाहन सीज कर 32 वाहनों का ई–चालान किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे डग्गामार वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी नानपारा के कुशल निर्देशन में थाना रुपईडीहा पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी रमेश सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आशुतोष चंद कौशिक तथा उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह की टीम ने मंगलवार (10 मार्च 2026) को थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित डग्गामार वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत पुलिस ने 07 चार पहिया वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया। वहीं 32 वाहनों का ई–चालान करते हुए कुल 38,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से संचालित वाहनों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए सौ दिवसीय जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में शुभ चिंतक इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से समूह की दीदियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए समाज के सभी लोगों को मिलकर इस कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर शुभ चिंतक इंडिया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष मदन गोपाल ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए समाज में जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने समूह की महिलाओं से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।

# महिला दिवस व होली मिलन समारोह में महिलाओं ने दिखाई एकजुटता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मैनपुरी रोड स्थित .ष्णा पैलेस में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली के उल्लास का एक अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ आईटीआई साईं चौराहा के पास आयोजित इस भव्य समारोह ने आपसी प्रेम और महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की गरिमामयी अध्यक्षता करते हुए श्यामला पाण्डेय ने महिलाओं की सामाजिक भागीदारी को रेखांकित किया और इस बात पर बल दिया कि ऐसे सामूहिक आयोजन न केवल महिलाओं को अपने विचार साझा करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में उनकी एकजुटता और संबंधों को भी प्रगाढ़ करते हैं। इस उत्सव में नेहा, प्रीति शर्मा, स्नेह पाण्डेय और प्रियंवदा जैसी अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की, जहाँ माला, विमा मित्तल, रश्मि पाण्डेय और मनीषा सहित रत्ना कसूरा, कुसुम मिश्रा और नौस तोमर ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। समारोह के दौरान साहती दुबे, नमिता तिवारी, पद्मा त्रिपाठी, सुमन यादव, मनु कुशवाहा और अंजू भसीन सहित उपस्थित सभी महिलाओं ने महिला दिवस की सार्थकता पर चर्चा करते हुए एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की आत्मीय शुभकामनाएँ दीं। फूलों और रंगों के इस उत्सव ने पूरे वातावरण को सौहार्द और नारी शक्ति के गौरव से सराबोर कर दिया।




# अलविदा जुमे की नमाज पर सार्वजनिक अवकाश की मांग

## – कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को होने वाली अलविदा जुमे की नमाज के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में कांग्रेस शहर अध्यक्ष मो. राशिद ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 13 मार्च को अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुस्लिम समाज में रमजान महीने का विशेष महत्व होता है और रमजान के अंतिम जुमे यानी अलविदा जुमे की



नमाज का महत्व ईद की नमाज के समान माना जाता है। मुस्लिम समाज जिस उत्साह और खुशनुमा माहौल में ईद की नमाज अदा करता है, उसी उत्साह के साथ अलविदा जुमे की नमाज भी अदा की जाती है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि अलविदा जुमे के दिन सार्वजनिक अवकाश न होने के कारण विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को नमाज अदा करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मो. राशिद ने मांग की है कि मुस्लिम समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 13 मार्च 2026 को अलविदा जुमे की नमाज के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, जिससे मुस्लिम समाज के लोग बिना किसी परेशानी के नमाज अदा कर सकें। उन्होंने आशा जताई कि प्रशासन इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

# पालिकाध्यक्ष व सभासदों का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शीतला नगर बाल्मीकि बस्ती तुरावली का पुरवा में नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व रामगंज पक्का तालाब के सभासद साबिर, सभासद शादाब अहमद, शाहिद का स्वागत सम्मान किया गया। पूर्व सभासद धीरज कुमार ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष के काम ऐतिहासिक व सराहनीय रहे। लगातार कर्मचारियों के लिए बराबर काम कर रहे हैं चाहे संविदा कर्मचारियों का पीएफ का मामला या आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का काम सभी कर्मचारियों के साथ उन्होंने बराबर न्याय किया कोई भी कर्मचारी उनके दरवाजे से नाखुश होकर नहीं लौटा। रामगंज पक्का तालाब के सभासद साबिर ने कहा कि पूरी कोशिश है कि वार्ड को पूरी तरह से साफ सुथरा स्वच्छ और सड़कों का जाल बिछाना है इसलिए दो साल के कार्यकाल में हमने तमाम सड़कों का निर्माण कराया और जो भी समस्या होंगी उसका निराकरण किया जाएगा। सभासद शादाब अहमद ने कहा कि तीन बार के कार्यकाल में इस बार के कार्यकाल में काम बड़े ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने कहा कि जिस तरह से मुझे 34 वार्डों के सभासदों का सहयोग मिल रहा है। उसी की वजह से पूरे नगर पालिका क्षेत्र पर विकास के कार्य हो रहे हैं। पूरी कोशिश है, पूरे नगर पालिका क्षेत्र का विकास करना है। कार्यक्रम में चंद्रप्रकाश संतराम होरीलाल छोटेलाल, इंदल बबलू, प्यारेलाल केनवरिया, रिंकू, सुमित, ओमप्रकाश, प्रिंस, पवन, होरीलाल, कल्पना, गीता, कुलदीप, आशु, संतोष कुमार, रिंकू, आशु नीरज कुमार, सत्यम आदि मौजूद रहे।


## होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होली विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी सं. 01143/01144 लोकमान्य तिलक (ट.) - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01143 लोकमान्य तिलक (ट.)-दानापुर | | | गाड़ी सं.01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:30 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:45 | — |
| 08:38 | 08:40 | मानिकपुर | 08:55 | 08:57 |
| 10:55 | 11:00 | प्रयागराज छिवकी | 05:45 | 05:50 |
| 18:45 | --- | दानापुर | --- | 21:30 |

- गाड़ी सं. 01143: लोकमान्य तिलक (ट.) से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक • गाड़ी सं. 01144: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 11.03.2026, से 01.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06

**गाड़ी सं. 01449/01450 पुणे - दानापुर (प्रतिदिन) विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं.01449 पुणे - दानापुर | | | गाड़ी सं.01450 दानापुर - पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:30 | पुणे | 18:15 | — |
| 15:48 | 15:50 | मानिकपुर | 16:45 | 16:47 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 13:15 | 13:20 |
| 02:45 | --- | दानापुर | --- | 05:00 |

- गाड़ी सं. 01449: पुणे से (प्रतिदिन) दिनांक 10.03.2026, से 31.03.2026 तक
- गाड़ी सं. 01450: दानापुर से (प्रतिदिन) दिनांक 12.03.2026, से 02.04.2026 तक

गाड़ी संरचना:- वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, स्लीपर श्रेणी-06, सामान्य श्रेणी-04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 536/26(D)


# सपा जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक संपन्न

## - 15 मार्च को कांशीराम जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की तैयारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक मंगलवार को जिला पंचायत में जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक यादव उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व से प्राप्त पत्रों को पढ़कर सुनाने के साथ की और उनके अनुपालन के लिए दिशा–निर्देश दिए। मुख्य अतिथि रामसेवक यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए काम करता है, जिसके लिए वह बधाई का पात्र है। उन्होंने 15 मार्च को कांशीराम के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाग लेने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के



निर्देश पर 15 मार्च 2026 को बहुजन नायक कांशीराम के 92 वें जन्मदिवस के अवसर पर साईं .ष्णा गार्डन (वृंदावन गार्डन के निकट) में पूर्वाह्न 10 बजे से बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए समर्पित किया और मंडल रिपोर्ट के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने दिसंबर 1992 में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के साथ समझौता कर बहुजन समाज बनाओ अभियान को गति दी और दिसंबर 1993 में उनके नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक को विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम, प्रदेश नेता गोपाल यादव, केपी शाक्य, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, अनिल प्रताप यादव, रवींद्र शुक्ला, अनवार हुसैन, शिशुपाल सिंह यादव, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, संतोष राजपूत और सुघर सिंह दोहरे सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में लीलावती राजपूत, दीपी सिंह, देवेंद्र भदौरिया, संतोष राठौर, मालती यादव, राजकुमार यादव, मनोज राणा, अजय यादव, रमेश सिंह यादव, प्रदीप सोनी, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवि यादव, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फरहान शकील, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत, भरथना विधानसभा अध्यक्ष जयसिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा, सपा नेता राजपाल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद प्रथम स्थान पर

## - 20 थानों ने शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण कर हासिल की उपलब्धि

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत माह फरवरी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण की समीक्षा प्रत्येक माह मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। इसी क्रम में फरवरी 2026 की समीक्षा में जनपद ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद के 20 थानोंभरथना, कोतवाली, सहसों ऊसराहार, जसवंतनगर, सैफई, बिठौली, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, महिला थाना, फ्रेंड्स कॉलोनी, वैदपुरा, चौबिया और चकरनगर द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण किया गया। पुलिस प्रशासन के अनुसार शिकायतों के त्वरित समाधान और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील कार्यशैली के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। पुलिस विभाग ने इसे जनसेवा और




पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# भरथना रेलवे क्रासिंग बंद करने से पहले वैकल्पिक बाईपास की मांग

## - फुटओवर ब्रिज से उत्पन्न समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन से चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। नगर पालिका परिषद भरथना के अंतर्गत रेलवे क्रासिंग पर बनाए जा रहे फुटओवर ब्रिज से उत्पन्न समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से विस्तृत चर्चा की। मामले का गंभीरता से अध्ययन करने के बाद चेयरमैन भरथना अजय यादव के साथ जिलाधिकारी से बातचीत की गई। चर्चा के दौरान यह मांग रखी गई कि जब तक वैकल्पिक बाईपास की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक भरथना रेलवे फाटक को बंद न किया जाए। साथ ही अन्य सर्वोत्तम बाईपास विकल्पों पर विचार करते हुए नगर को दो हिस्सों में विभाजित होने से बचाने की योजना पर कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि इस समस्या के समाधान के लिए जल्द ही संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक कराई जाएगी। बैठक में पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, निचली गंग नहर विभाग, सामाजिक वानिकी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भरथना, एडीईएम इटावा उत्तर मध्य रेलवे तथा उपजिलाधिकारी भरथना शामिल होंगे। यह बैठक जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधियों की निगरानी में संपन्न होगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि वे स्वयं इस पूरे प्रकरण पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और समस्या के समाधान के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा



रहा है। इस मामले को लेकर डीआरएम और एडीईएम इटावा उत्तर मध्य रेलवे से भी विस्तृत चर्चा की गई। रेलवे अधिकारियों ने समस्या के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित यादव ने इलाहाबाद स्थित डीआरएम कार्यालय पहुंचकर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में भौगोलिक परिस्थितियों, फुटओवर ब्रिज बनने से शहर में उत्पन्न होने वाली समस्याओं, जाम की स्थिति तथा बढ़ते यातायात को सफलतापूर्वक डायवर्ट करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगरवासियों की सुविधा और शहर की यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ऐसा समाधान निकाला जाना चाहिए, जिससे भरथना नगर को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# डीएम से बीडीसी सदस्यों ने बैठक निरस्त करने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो /ऊंचाहार, रायबरेली। मंगलवार को ऊंचाहार के करीब चार दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सोमवार को संपन्न हुई ऊंचाहार क्षेत्र पंचायत की बैठक को निरस्त करने की मांग की है। सदस्यों ने निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने और बड़ी संख्या में सदस्यों के न होने के बावजूद पारित किए गए प्रस्तावों को अलोकतांत्रिक बताया है। ज्ञात हो कि सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक के दौरान काफी बवाल हुआ था। इस मामले में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि निर्धारित नियमों के अनुसार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व दी जानी चाहिए, किंतु ऐसा नहीं किया गया। जिसके कारण सदस्यों को बैठक की समय पर सूचना नहीं मिल सकी। यही नहीं ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का मामला उच्च न्यायालय में लंबित है, इसके बावजूद वह लगातार वित्तीय और प्रशासनिक कार्य को अंजाम दे रहे हैं। जबकि नियम के अनुसार उच्च न्यायालय द्वारा जब तक कोई व्यवस्था नहीं दी जाती, तब तक उन्हें अधिकार से वंचित किया जाना चाहिए। सदस्यों ने सोमवार को संपन्न हुई बैठक को निरस्त करके पुनः बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। शिकायती पत्र देने वाले सदस्यों में अभिलाष चंद्र कौशल, राजा जितेन्द्र सिंह अरखा, राजू सोनी, ज्ञानेंद्र, अरविंद शर्मा, विकाश श्रीवास्तव, गुड्डन यादव, राजेंद्र यादव, विजय बहादुर, गजाधर पासी, सन्दीपपटेल, अमरेशपासी, लाल बहादुर, मुकेश, राम मनोहर, अनामिका, सुनील कुमार, भोला, राजू, विजय कुमार, उमेश, इंद्रपाल, संजय आदि शामिल रहे।

# कोराई मार्ग से अवैध दीवार न हटी तो होगा आंदोलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। षहर के आबूनगर स्थित किसान पार्टी के कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। जिसमें जनहित के मुद्दों और प्रशासनिक उदासीनता पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश उर्फ भोला ने कोराईं क्षेत्र में रास्ते की जमीन पर हुए अवैध अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष अवधेष उर्फ भोला ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गया प्रसाद दुबे ने जनहित में जिस मार्ग का निर्माण कराया था, उस पर भू–माफियाओं ने अवैध दीवार खड़ी कर कब्जा कर लिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह न केवल जनता के रास्ते का अवरोध है, बल्कि एक स्वतंत्रता सेनानी की विरासत का अपमान भी है। यदि प्रशासन ने जल्द ही इस अवैध दीवार को ढहाकर रास्ता साफ नहीं कराया, तो किसान पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह पटेल ने भी प्रशासन के समक्ष कई ज्वलंत मुद्दे रखे। जिसमें चमन बाग में बिना अनुमति



के काटे गए आम और महुआ के पेड़ों के दोषियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। तेलियानी विकास खंड के अस्ता गांव में काफी समय से अधूरी पड़ी पानी की टंकी का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए ताकि ग्रामीणों को पानी मिल सके। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे जनता के हक की लड़ाई को रुकने नहीं देंगे। इस दौरान भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# वार्ड की समस्याओं को लेकर चेयरमैन से मिले सभासद

## - मांगों को बोर्ड बैठक के एजेंटे में शामिल कराने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिशद के अंतर्गत आने वाले आवास–विकास कालोनी के सभासद दीपक कुमार मौर्य ने नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट को ज्ञापन सौंपकर पार्कों का सुन्दरीकरण कराए जाने के साथ ही पम्प हाउस बनवाए जाने की मांग की। नगर पालिका परिशद के अध्यक्ष को सौंपे गए ज्ञापन में सभासद ने मांग किया कि सीओ आफिस के समीप लगे पम्प हाउस का रिबोर कराया जाए, आबूनगर पुलिस चौकी के समीप लगे पम्प हाउस का नया बोर कराया जाए साथ ही खलीलनगर में बारातषाला का निर्माण करवाया जाए, आवास–विकास में कालीषंकर श्रीवास्तव के पार्क व कैथा वाले पार्क का सुन्दरीकरण कराकर पाथवे, झूले, हाईमास्क लाइट आदि लगवाई जाए। पुरानी चुंगी चौराहा से आवास–विकास तिराहा तक सीसी सड़क, फुटपाथ व तिरंगा लाइट से सुसज्जित किया जाए। उन्होने चेयरमैन से मांग किया कि सभी मांगों को बोर्ड बैठक के एजेंडे में शामिल किया जाए।

# ट्रामा व इमरजेंसी सेवाओं के लिए नई यातायात व्यवस्था लागू

## – गेट नंबर 4 से मरीजों व एंबुलेंस को मिलेगा सीधा प्रवेश




न्यूज वाणी ब्यूरो

सैफई, इटावा। ट्रामा एवं इमरजेंसी सेवाओं को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वाहनों के आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। यह पहल मरीजों की सुविधा और आपातकालीन सेवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है। कुलसचिव दीपक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों को लाने वाले वाहन एवं एंबुलेंस के लिए गेट नंबर 4 को आरक्षित किया गया है। ट्रामा एवं इमरजेंसी सेवाएं गेट नंबर 4 के निकट स्थित होने के कारण इस व्यवस्था से मरीजों को अत्यंत शीघ्रता से अस्पताल परिसर में पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय परिसर के गेट नंबर 3 का उपयोग केवल मोर्चरी से संबंधित वाहनों के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि विश्वविद्यालय के सभी गेट पैदल आने वाले आगंतुकों के लिए खुले रहेंगे। कुलसचिव ने बताया कि नई यातायात व्यवस्था का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर की पार्किंग प्रणाली को सुव्यवस्थित करना तथा मरीजों एवं एंबुलेंस के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करना है। इससे परिसर के भीतर एंबुलेंस, ई–रिक्शा एवं रोगी सेवा से जुड़े वाहनों का संचालन अधिक सुचारु रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके परिजनों को जाम की समस्या से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब परिसर में केवल मरीजों के वाहन और इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े वाहन ही प्रवेश कर रहे हैं, जो पूरी तरह मरीजों के हित में प्रभावी व्यवस्था साबित हो रही है। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर के बाहर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय किया गया है।

# जिला अपराध निरोधक समिति ने राज्यमंत्री का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण अध्यक्ष उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का जनपद आगमन पर चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण का जिला अपराध निरोधक समिति के सचिव बिपिन बिहारी शरण के नेतृत्व में मंत्री को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने जिला अपराध निरोधक समिति के सह सचिव शैलेंद्र शरन सिम्पल से समिति के बारे में जानकारी ली एवं समिति के कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, समाज कल्याण अधिकारी अवनीश यादव, समिति के सह सचिव शैलेंद्र शरन सिम्पल, रामस्वरूप गुप्ता, आशीष मिश्रा, सुरेंद्र पाठक, मयूर गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, मनभावन अवस्थी, गौरव गुप्ता सहित पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे।









# मंदिर से ढाई कुंटल के घंटे चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के हरदो स्थित सिद्धपीठ बड़े भीट बाबा के मंदिर से सोमवार की रात



लगभग ढाई कुंटल के घंटे चोरी हो गये। सुबह चार बजे वहां रह रहे बाबा ज़ब झाडू लगाने लगे तो देखा घंटे की जंजीरें जमीन पर मंदिर के पास पड़ी हुई थी तभी बाबा ने वहीं हरदो के लोगों व पुलिस को चोरी की जानकारी दिया चोरी की जानकारी होते ही खागा चेयरमैन गीता सिंह व प्रतिनिधि रामगोपाल सिंह व सभासद प्रतिनिधि शनि सिंह सेंगर सहित मौके पर गांव के लोग मौजूद रहे। कोतवाल रमेश सिंह पटेल ने बताया कि मौके पर टीम भेजी गई है। जांच की जा रही है।

# नगर पंचायत के कूड़ा भंडारण में लगी आग, फैला प्रदूषण

## – लगभग एक पखवाड़े से जल रहा कूड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। एक तरफ जहां प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार अथक प्रयास में लगीं है। जिसके चलते किसानों पर पराली व खेती से निकले अन्य सामग्री को जलाने के लिए प्रतिबंधित किया गया है, जिसके लिए लगातार किसानों पर आर्थिक दंड दिया जा रहा है। वही नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर का कूड़ा नौबस्ता रोड एवं सरसई रोड के मध्य गिल्ली के बगहा के पास कूड़ा भंडारण करके आग लगा दिया गया। जिससे लगभग एक पखवाड़े से ज्यादा समय से पूरा वायुमंडल प्रदूषण युक्त हो गया है। इस प्रदूषण से सबसे ज्यादा कूटी पर, सरसई, कठखेरवा सहित कस्बे का बहुत बड़ा भाग प्रभावित हो रहा है और लोग जानलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषित धुएं का आलम तो यह है कि 10 से 5 मी के अंदर भी देखना मुहाल हो रहा है। प्रदूषण से प्रभावित निवासियों ने बताया कि गांव में लोग आंखों और गले में जलन से बुरी तरह प्रभावित हैं तथा लगभग दो दर्जन से भी अधिक बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे टीवी, दमा जैसे जानलेवा बीमारियों के शिकार हो चुके हैं। वही पहले से भी ह्रदय रोगी व गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगो का हाल बेहाल है। वरिष्ठ अधिवक्ता जगत नारायण तिवारी, व्यापारी गिरजेश गुप्ता, किसान कामता प्रसाद साहित दर्जनों निवासियों और मॉर्निंग वॉक जाने वाली महिलाएं व लोगों ने बताया कि वन विभाग की भूमि पर नगर पंचायत द्वारा डाले गये कूड़े में आग लगी है। जिसके धुएं से पूरा क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। वही साइनस अस्पताल संचालक ने बताया कि अगर इसी तरह कुछ दिन प्रदूषण धुएं प्रभाव बना रहा तो क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जानलेवा बीमारियों से लोग प्रभावित होंगे। ईओ देवहूती पांडेय ने बताया कि कर्मचारियों को आग न लगाकर उसको बिनने के निर्देश दिए गए हैं।

# डीजे पार्टी में दो पक्षों में हुआ विवाद, हमले में चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के नेवलापुर गांव में एक डीजे आयोजन के दौरान दो पक्षों के बीच तीखा विवाद हो गया। डांस व संगीत को लेकर शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ गया कि डीजे संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर लौट रहे रोड लाइट मजदूरों को रास्ते में रोककर जमकर मारपीट की। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजू व लवकुश निवासी गढ़ीवा की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अन्य दो घायलों का भी अस्पताल में उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 इमरजेंसी नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि डीजे संचालक और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपी जल्द ही गिरतार कर लिए जाएंगे। इस घटना से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है, और लोगों ने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

# सत्ता के साए में धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन

## – जिम्मेदार बोले– जानकारी नहीं, फिर भी जारी खेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन इलाके में सत्ता की आड़ में एक सफेदपोश नेता के संरक्षण में दिनदहाड़े अवैध मिट्टी खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। जेसीबी मशीनों से खेतों की उपजाऊ मिट्टी खोदी जा रही है और ट्रैक्टर–ट्रॉलियों में



ओवरलोड मिट्टी भरकर तेज रतार से सड़कों पर फर्राटा भरते हुए ढुलाई की जा रही है। इससे जहां एक ओर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वहीं सड़कों पर हादसे का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सत्ता के रसूख के दम पर खनन माफिया बेखौफ होकर खुलेआम मिट्टी का दोहन कर रहे हैं। खेतों को गहरे गड्ढों में तब्दील किया जा रहा है और गांव की सड़कों पर उड़ती धूल व ओवरलोड ट्रैक्टर प्रशासनिक उदासीनता की कहानी बयां कर रहे हैं। जब इस संबंध में थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, फिर भी वह दिखवा रहे हैं। वहीं खनन अधिकारी देशराज सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने भी यही कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, फिर भी मामले को दिखवाया जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब क्षेत्र में दिन के उजाले में जेसीबी मशीनें गरज रही हैं और ओवरलोड ट्रैक्टर–ट्रॉलियां सड़कों पर दौड़ रही हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी कैसे नहीं है?

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्र के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के खागा कस्बा के चौड़ा खेर गांव निवासी स्व0 रामकुमार का 47 वर्षीय पुत्र महेश कुमार व अन्य दो लोग ई–रिक्शा में बैठकर कहीं जा रहे थे। तभी त्रिलोचनपुर के समीप डम्फर की टक्कर लग जाने से ई–रिक्शा पलट गया। जिससे महेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि अन्य दो लोगो को मामूली चोटे आयी। जिन्हे हरदो अस्पताल में ही अस्पताल के बाद घर भेज दिया गया। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के किछौछा गांव निवासी मदन बिहारी का 40 वर्षीय पुत्र पवन कुमार जो बावर्ची है शादी में समारोह में खाना बनाने के लिए मलवां थाना उमरगहना गांव जा रहा था। तभी खागा कोतवाली क्षेत्र के नया गांव निवासी स्व0 रामपाल का 50 वर्षीय पुत्र भारत निमंत्रण से घर आते समय दोनो बाइकों की चक्की नाका के पास भिडन्त हो गयी। जिससे दोनो घायल हो गये। इसी तरह असोथर थाना क्षेत्र के छेदीपुर गांव निवासी जयप्रकाश का 19 वर्षीय पुत्र शिवम बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जब वह थाने के कटरा के पास पहुंचा तभी समाने से आ रही बाइक सवार अर्जुन पुत्र रामचरन की बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे दोनो घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सराकरी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। इसी तरह मलवा थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव निवासी रामचंद्र का 19 वर्षीय पुत्र रोहित बाइक पर सवार होकर घर से असोथर थाना क्षेत्र एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहाँ से लौटते समय जब उसकी बाइक गाजीपुर कस्बे समीप असोथर रोड पर पहुंची तभी तेज ऱतार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के दसईपुर गांव निवासी देव पाल सिंह का 35 वर्षीय पुत्र महेंद्र सिंह बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम से निकला था। वहाँ से वापस घर लौटते समय जब उसकी बाइक थानां क्षेत्र के बिजयीपुर गाँव के समीप पहुंची तभी तेज ऱतार चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दिया। जिससे महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने युवक की हालत गम्भीर देखते तुरन्त प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# जन्मजात मूक-बधिर युवक को पुलिस ने पांच घंटे में किया बरामद

## - कल्याणपुर पुलिस की पहल की हो रही सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना कल्याणपुर क्षेत्र में पुलिस ने अपनी त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही से





एक परिवार की चिंता को मात्र पांच घंटे में दूर कर दिया। जन्मजात मूक–बधिर 19 वर्षीय युवक साजन को लापता होने के महज पांच घंटे बाद सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस सफलता पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया और स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की। बताते चलें कि नौ मार्च को विनोद पासवान पुत्र छंगू निवासी ग्राम अलीपुर थाना कल्यानपुर ने थाने में सूचना दी कि उनका बेटा साजन 19 वर्ष आठ मार्च को शाम लगभग छह बजे घर से अचानक निकल गया और काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। इस पर थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह और क्षेत्राधिकारी बिंदकी गौरव शर्मा के पर्यवेक्षण में तुरंत टीम गठित की गई। थानाध्यक्ष कल्यानपुर सुमित देव पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। उपनिरीक्षक सुशील कुमार राय और हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने विशेष प्रयास किए और मात्र पांच घंटे के भीतर गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर लिया। युवक को नियमानुसार उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिवार के सदस्यों ने बेटे को सुरक्षित पाकर खुशी जाहिर की और पुलिस टीम का दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस तेज़ कार्रवाई से उनका परिवार टूटने से बच गया। आमजन और स्थानीय निवासियों ने भी कल्याणपुर पुलिस की इस संवेदनशील और प्रभावी कार्यवाही की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। एसपी ने बताया कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। खासकर विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों के लापता होने पर। यह घटना पुलिस की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का जीता–जागता उदाहरण है।

# सुजानपुर प्रधान को दिल्ली में मिलेगा सम्मान

## - राष्ट्रीय सशक्त नेत्री पंचायत सम्मेलन में दिखाई जाएगी सफलता की गाथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत सुजानपुर की प्रधान हेमलता पटेल ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। उन्हें नई दिल्ली में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्यारह मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सशक्त नेत्री पंचायत सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रतिष्ठित मंच पर उनकी सफलता की कहानी भी देश भर से आईं प्रतिनिधियों के सामने प्रदर्शित की जाएगी। हेमलता पटेल का चयन उनकी निरंतर उत्.ष्ट कार्यप्रणाली का परिणाम है। इससे पहले भी उन्हें अपने सराहनीय कार्यों के लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली में बड़े मंचों पर सम्मानित किया चुका है। उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और ग्रामीण विकास के प्रति समर्पण के कारण ही उन्हें विभाग की ड्रीम टीम में भी स्थान दिया गया है, जो उनकी नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। इस सम्मेलन में सुजानपुर के विकास मॉडल महिला हितैसी प्रभावी कार्यक्रम और हेमलता पटेल के संघर्ष व सफलता की कहानी को विशेष रूप से बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। भारत सरकार के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के अंतर्गत आयोजित इस गरिमामयी राष्ट्रीय सम्मेलन में हेमलता पटेल के साथ तेलियानी ब्लॉक अंतर्गत मिश्रामऊ की ग्राम प्रधान बीनू देवी भी प्रतिभाग करेंगी, जिससे वे विकासात्मक नवाचारों का अनुभव प्राप्त कर सकेंगी। हेमलता पटेल का इस स्तर पर बार–बार चुना जाना यह सिद्ध करता है कि फतेहपुर की ग्रामीण राजनीति में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है। उनके द्वारा सुजानपुर को महिला हितैषी ग्राम पंचायत बनाने के प्रयासों को अब राष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। प्रधान हेमलता पटेल ने कहा कि आज हमें बेहद खुशी और गर्व है कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने हमें दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन में



आमंत्रित किया है। यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि मेरी पूरी सुजानपुर पंचायत, क्षेत्र एवं जनपद का है।

# किसानों की जमीन पर मौरंग माफियाओं का आतंक

## - जबरन ट्रक निकासी से फसलें बर्बाद, कार्रवाई न होने पर सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अढ़ावल मुस्तकिल के किसानों में खनन माफियाओं के आतंक से तनाव का माहौल है। किसानों का आरोप है कि उनकी भूमिधरी खेती योग्य जमीन से जबरन मोरम लदे ट्रकों का आवागमन कराया जा रहा है, जिससे उनकी फसलें चौपट हो रही हैं और खेतों में गहरे गड्ढे पड़ गए हैं। मामला इतना गंभीर हो चुका है कि पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित प्रार्थना–पत्र में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे मजबूर होकर सामूहिक आत्मदाह करने जैसा कठोर कदम उठा सकते हैं। किसानों के अनुसार ग्राम अढ़ावल के गाटा संख्या 1192ग पर सरसों और लाही की फसल बोई गई है। इसी जमीन से अढ़ावल घाट से निकाले जा रहे मौरंग को ट्रक जबरन उनकी खेतों से गुजार रहे हैं। विरोध करने पर ठेकेदारों और स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने किसानों को जान से मारने की धमकियां दी हैं। पीड़ितों ने महना निवासी प्रकाश सिंह पुत्र कमलेश सिंह, अढ़ावल निवासी बुद्धराज पुत्र रामेष्वर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि ये दोनों लोग निजी स्वार्थवश ठेकेदार का पूरा साथ दे रहे हैं और ट्रकों की निकासी में मदद कर रहे हैं। मना करने पर हत्या की धमकी और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है, जिससे पूरे गांव में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार ट्रकों के आने–जाने से खेतों की उपजाऊ क्षमता खत्म हो रही है। जमीन में गड्ढे बन गए हैं और फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने कई बार थाना ललौली और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी गलत पैमाइश कराकर ट्रकों को अनधि.त रूप से जमीन से गुजरने की अनुमति दे रहे हैं। पीड़ित किसानों ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदारों, प्रभावशाली लोगों और मिलीभगत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही किसानों की जमीन से मौरंग लदे ट्रकों का आवागमन तत्काल बंद कराया जाए, ताकि उनकी खेती और आजीविका सुरक्षित रह सके। सुनवाई नहीं की तो मजबूरी में सामूहिक आत्मदाह जैसा कदम उठाने को विवश होंगे।

# ओवरलोड डंपरों से थरियांव तिराहे पर लगता जाम

## - स्कूली बच्चे व राहगीर हो रहे परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मर्का–बांदा क्षेत्र से संचालित मोरम घाट खंड–3 से निकलने वाले ओवरलोड ट्रक और डंपरों के कारण सोमवार को थारियाव तिराहे पर भीषण जाम लग गया। जाम में स्कूली बच्चे, राहगीर और आम यात्री घंटों तक फंसे रहे। वहीं शाम के समय नगर पंचायत असोथर क्षेत्र में भी जाम की स्थिति बन गई, जहां डायल 112 की गाड़ी और बैंक की कैश वैन भी लंबे समय तक जाम में फंसी रहीं। स्थानीय लोगों के अनुसार मर्का–बांदा क्षेत्र से प्रतिदिन करीब 300 ओवरलोड डंपर और ट्रक निकलते हैं जो असोथर होते हुए थारियाव मार्ग से गुजरते हैं। भारी वाहनों की अधिकता के कारण असोथर और थरियाव क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। सोमवार को दिन में थरियांव तिराहे पर लंबा जाम लगा रहा, जबकि शाम को नगर पंचायत क्षेत्र में भी वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण न केवल जाम की समस्या बढ़ रही है, बल्कि सड़कें भी तेजी से खराब हो रही हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से इस समस्या पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मोरम घाटों से निकल रहे ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने के बजाय प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। लोगों का सवाल है कि आखिर मोरम माफियाओं के सामने प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें थारियाव तिराहे पर लगे जाम में वाहनों की लंबी कतार साफ देखी जा सकती है।

# एसपी ने पुलिस कार्यालय में सुनी समस्याएं

## – त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखते हुए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में विशेष रूप से जनता की शिकायतें और समस्याएं सुनने के लिए समय निकाला। एसपी अनूप कुमार सिंह ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर शिकायत का निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को न्याय और राहत मिल सके। यह पहल पुलिस द्वारा जन–कल्याण और पारदर्शी पुलिसिंग की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। जो जनता और पुलिस के बीच विष्वास की मजबूत कड़ी बनाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। एसपी अनूप कुमार सिंह की यह नियमित जनसुनवाई आम लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जहां वे बिना किसी झंझट के अपनी बात रख पा रहे हैं। पुलिस की यह प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है, जो साबित करती है कि पुलिस अब सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं, बल्कि जनता की हर छोटी–बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए भी तत्पर है।

# अपना दल एस हुसैनगंज विधानसभा की हुई बैठक

## – जिलाध्यक्ष ने समीक्षा कर दिए निर्देष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपना दल एस हुसैनगंज विधानसभा की मासिक बैठक सातमील स्थित एक ट्रेडर्स में विधानसभा अध्यक्ष लईक अहमद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन जिला सचिव अर्जुन



मौर्य ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला कार्यकारणी सदस्य राजेंद्र प्रसाद मौर्य रहे। बैठक में संगठन विस्तार, विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यता अभियान, पंचायत चुनाव, सभी जोन पदाधिकारी की समीक्षा की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने निर्देषित किया कि विधानसभा में अब तक अगर संगठन का गठन अगली बैठक में अपनी कमेटी घोषित कर दें। बैठक में मुख्य रूप से प्यारेलाल, सुनील कुमार, बड़कू, जगमोहन, अवधेश, नग्नन, राजेंद्र कुमार, अर्जुन मौर्य, इम्तियाज, डा. रामसुमेर, ज्ञान सिंह, धुन्ना, हीरा, दिलदार अली सहित गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जीने से गिरकर किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के कलेक्टरगंज शिवपुरम में जीने से गिरकर 17 वर्षीय किशोर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कलेक्टरगंज शिवपुरम निवासी ओमप्रकाश का पुत्र शिखर दो मंजिले जीने से उतरते समय पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गया। उधर परिजन से तत्काल एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# घर से निकले युवक का शव पुलिस ने किया बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गैर जनपद जाने के लिए सोमवार की सुबह घर से निकले 40 वर्षीय युवक का शव ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बिन्दकी कोतवाली के पारादान कोठी के पास बरामद करते हुये विच्छेदन गृह भेजा है। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी सुरेश सिंह भदौरिया पुत्र रोहित सिंह भदौरिया सूरत जाने के लिए वाहन से बकेवर टिकट कराने जा रहा था। बताते है कि देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। देर रात तक कोई काबयाबी नहीं मिली मंगलवार की सुबह पारादान कोठी के पास रोहित सिंह भदौरिया का शव देखा गय। तभी उसके जानने वालो ने उसके घर सूचना करने के बाद पुलिस को जानकारी दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। वहीं परिजनों का कहना है कि हो सकता है अचानक तबियत बिगड जाने पर मौत हो गयी है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# खागा पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर, बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी अनिल साहू को गिरतार किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है और वह पहले भी कई चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार सात मार्च को थाना खागा पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा संख्या 68/2026 धारा 303(2) बीएनएस (चोरी) के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने गहन जांच और छानबीन के बाद संवत पुलिया क्षेत्र से आरोपी अनिल साहू पुत्र रामराज साहू, निवासी औंग थाना औंग को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया। बरामद मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स है। गिरतारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस (चोरी की संपत्ति रखना) जोड़ी गई है। आरोपी को मंगलवार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में महिला मंदिर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल अंशुल, कांस्टेबल राघवेंद्र शामिल रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )